PUBLICATION NAME :	Haribhoomi
EDITION :	Bhopal
DATE :	02/03/24
PAGE :	7

ईडीआईआई महिला कारीगरों को सशक्त बनाने दे रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) बड़े पैमाने पर मोदी जैकेट बनाने के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के बदरवास जैकेट क्लस्टर की महिलाओं को विशेष कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। संस्थान ने क्षेत्र की महिलाओं को उनके कौशल को बढ़ाने और क्लस्टर में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक साधन और ज्ञान से लैस करने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी), गांधीनगर के साथ साझेदारी की है। बदरवास जैकेट क्लस्टर, जैकेट तैयार करने और संबंधित गतिविधियों में लगे लोगों के एक मजबूत सेंटर के रूप में उभरा है। पारंपरिक औद्योगिक केंद्रों के विपरीत यह जैकेट क्लस्टर महिला कार्यबल के धैर्य और समर्पण से स्वाभाविक रूप से विकसित हुआ है। ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय की यह पहल कौशल प्रशिक्षण से भी आगे का नजरिया लेकर चल रही है।